उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक–: 7778/वाद/191–2021/ 2021–22/दिनांक 10/3/2022

विज्ञप्ति

स्पेशल अपील संख्या–157/2021 करूणापति शुक्ला बनाम उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 24.03.2021 को निम्नलिखित आदेश पारित किया गया :–

"Considering the submission made by learned counsel for the appellant-petitioner as well as counsel for respondents, we allow the writ petition i.e. writ petition no. 2294(S/S) of 2021 with direction to respondents to allow the appellant-petitioner to appear in interview for appointment on the post of Trained Graduate Teacher (English) by fixing a date. The consequencess shall follow."

3. याची श्री करूणापति शुक्ला पुत्र श्री राम प्रसाद शुक्ला अनुक्रमांक 0104002993 टी0जी0टी0 2016 बालक वर्ग प्रशिक्षित स्नातक अंग्रेजी के अभ्यर्थी हैं। लिखित परीक्षा के पश्चात् इन्हें दिनांक 26.02.2020 को 01 बजे उपस्थित होकर साक्षात्कार दिये जाने का अवसर बोर्ड द्वारा दिया गया था।
4. साक्षात्कार के समय इनकी आनलाइन आवेदन में अर्हता बी0काम0 होने एवं अंग्रेजी विषय साहित्य के साथ स्नातक अथवा अंग्रेजी भाषा के साथ त्रिवर्षीय स्नातक नही होने के कारण इन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित नही कराया गया। साक्षात्कार के पश्चात् विज्ञापन संख्या–01/2016 प्रशिक्षित स्नातक अंग्रेजी का अन्तिम चयन परिणाम दिनांक 31.12.2020 को घोषित करते हुए सभी चयनित अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन दिनांक 16.01.2021 को करते हुए पैनल सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षकों को प्रेषित किया जा चुका है।
5. तत्पश्चात् मा0 उच्च न्यायालय के उपर्युक्त आदेश दिनांक 24.03.2021 द्वारा साक्षात्कार तिथि निर्धारित कर याची को साक्षात्कार में सम्मिलित कराये जाने का आदेश दिया गया है। मा0 उच्च न्यायालय के इस आदेश के अनुपालन में उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (प्रक्रिया एवं कार्य संचालन) प्रथम विनियमावली 1998 के विनियम 8(6) के अनुसार याची के साक्षात्कार हेतु दिनांक 01.04.2022 की तिथि बोर्ड द्वारा निश्चित की गयी है। इस तिथि पर याची श्री करूणा पति शुक्ला दिनांक 25.01.2020 को जारी पूर्व साक्षात्कार पत्र में उल्लिखित निर्देशों एवं पत्रजात के साथ चयन बोर्ड कार्यालय में उपस्थित हों।

भवदीय

10-03-2022

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।

पृ0सं0:– /वाद/191–2021/2021–2022 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्री करूणा पति शुक्ला पुत्र श्री राम प्रसाद शुक्ला ग्राम–तेरयें, पोस्ट–चौकिया, जिला–सुल्तानपुर, पिन–222302
2. श्री राज कुमार सिंह सूर्यवंशी अधिवक्ता मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ।

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।